# चित्रकूट में रामायण मेला परिसर में भीषण आग दो दुकानें राख; दुकानदार गंभीर रूप से झुलसा

**सतना।** धर्मनगरी चित्रकूट के सीतापुर चौकी क्षेत्र स्थित रामायण मेला परिसर में बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में भीषण आग लग गई। इस अग्निकांड में प्रदर्शनी की दो दुकानें पूरी तरह जलकर खाक हो गई हैं और एक दुकानदार गंभीर रूप से झुलस गया है,जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### घटना का विवरण

रामायण मेला परिसर में पांच दिवसीय प्रदर्शनी मेले का आयोजन किया जा रहा था। बीती रात अचानक लगी आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और देखते ही देखते दो दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। आग की चपेट में आने वाली दुकानों में नीलेश गुप्ता की कपड़े की दुकान और एक प्रिंटिंग प्रेस शामिल है।

### दुकानदार की हालत गंभीर

हादसे के वक्त दुकानदार नीलेश गुप्ता अपनी कपड़े की दुकान के अंदर सो रहे थे। आग लगने के कारण वह दुकान से बाहर नहीं



निकल पाए और गंभीर रूप से झुलस गए। उन्हें तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया,जहाँ उनका इलाज जारी है।

### भारी आर्थिक नुकसान

आग इतनी भीषण थी कि कपड़े की दुकान में रखा सारा सामान राख हो गया। वहीं,बगल में स्थित प्रिंटिंग प्रेस भी इसकी चपेट में आ गई,जिससे वहां रखीं कीमती मशीनें,लैपटॉप और अन्य सामग्री जल गई। दुकानदारों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया,लेकिन तब तक लगभग 10 लाख रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।

### आयोजकों पर उठे सवाल

पीड़ित दुकानदारों और स्थानीय लोगों ने मेला आयोजकों पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम न होने के कारण यह बड़ा हादसा हुआ।

## खबर संक्षेप

### बोर्ड परीक्षाओं के दौरान लाउड स्पीकर पर उठे सवाल,भीम आर्मी ने सौंपा ज्ञापन

**मैहर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं की बोर्ड परीक्षाओं के दौरान शहर में कथा-भागवत पंडालों में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग को लेकर भीम आर्मी ने आपत्ति दर्ज कराई है। भीम आर्मी जिला अध्यक्ष एडवोकेट विक्रम सूर्यवंशी ने बताया कि कलेक्टर मैहर के आदेश के तहत परीक्षा अवधि में लाउडस्पीकर पर प्रतिबंध के निर्देश जारी किए गए थे। इसी आदेश का हवाला देते हुए 13 फरवरी को यूजीसी एक्ट आंदोलन की अनुमति भी संगठन को नहीं दी गई थी। संगठन का आरोप है कि वर्तमान में शहर के विभिन्न स्थानों पर लाउडस्पीकर के माध्यम से धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं,जिससे ध्वनि प्रदूषण फैल रहा है और प्रशासनिक आदेशों का उल्लंघन हो रहा है। इस संबंध में एसडीएम कार्यालय मैहर में ज्ञापन सौंपकर नियमों का समान रूप से पालन सुनिश्चित करने की मांग की गई है। भीम आर्मी ने चेतावनी दी है कि यदि तीन दिवस के भीतर आदेशों का पालन नहीं कराया गया, तो संगठन अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन के लिए बाध्य होगा,जिसकी समस्त जिम्मेदारी मैहर प्रशासन की होगी।

### स्कूल वैन और बाइक की भिड़ंत, छात्र बाल-बाल बचे

**सतना।** सतना-रीवा मार्ग पर स्थित कोरिगवां मोड़ के पास मंगलवार को एक भीषण सड़क हादसा घटित हुआ। एक निजी स्कूल की वैन (बोलेरो) और बाइक के बीच हुई इस जोरदार टक्कर से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, विवेकानंद पब्लिक स्कूल की बोलेरो बच्चों को लेकर जा रही थी,तभी कट मार्ग से क्रॉसिंग के दौरान बाइक सवार उससे टकरा गया। हादसा इतना जबरदस्त था कि बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तत्काल उपचार की आवश्यकता पड़ी। वहीं,बोलेरो में सवार स्कूली बच्चों के लिए भी यह घटना किसी बड़े सदमे से कम नहीं थी। टक्कर के प्रभाव से चार छात्रों को भी हल्की चोटें आई हैं। घटना की जानकारी मिलते ही '112 डायल' पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने बताया मामला दर्ज कर लिया गया है और दुर्घटना के सटीक कारणों की जांच की जा रही है। गनीमत रही कि बच्चों को गंभीर चोट नहीं आई,अन्यथा एक बड़ी त्रासदी हो सकती थी। कोरिगवां मोड़ पर अक्सर होने वाले इन हादसों ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और क्रॉसिंग पर सावधानी बरतने की जरूरत को रेखांकित किया है।

### शादी की खुशियां मातम में बदली, करंट लगने से युवक की मौत

**सतना।** ताला थाना क्षेत्र के ग्राम पठरा में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है,जहां अपनी बुआ के घर शादी समारोह में शामिल होने आए एक 21 वर्षीय युवक की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान कृष्ण कुमार गौड़ निवासी सेमरिया,रामनगर के रूप में हुई है। इस दुखद हादसे के बाद शादी वाले घर में मंगल गीतों की जगह चीख-पुकार मच गई। बताया जा रहा है कि शादी समारोह के लिए टेंट लगाया जा रहा था। इसी दौरान टेंट का लोहे का पाइप ऊपर से गुजर रही 11 हजार केवी की हाईटेंशन लाइन से टकरा गया।पाइप में हाई वोल्टेज करंट उतरने के कारण वहां मौजूद कृष्ण कुमार उसकी चपेट में आ गया। करंट इतना जोरदार था कि युवक को संभलने का मौका तक नहीं मिला और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर ताला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया। पुलिस ने पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और मामले की विस्तृत जांच की जा रही है कि क्या टेंट लगाने में सुरक्षा मानकों की अनदेखी की गई थी।

## सीवर लाइन की खुदाई बनी मुसीबत जानलेवा गड्ढों से जनता बेहाल




**सतना।** शहर के जय स्तंभ से स्टेशन रोड जाने वाला मुख्य मार्ग इन दिनों राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बना हुआ है। सीवर लाइन बिछाने के लिए की गई खुदाई के बाद सड़क की सही ढंग से मरम्मत नहीं की गई है,जिसके कारण जगह-जगह जानलेवा गड्ढे हो गए हैं। हालिया स्थिति यह है कि इन गड्ढों में पानी भर जाने से वाहन चालकों को गहराई का अंदाजा नहीं मिल पाता,जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। यह मार्ग शहर के सबसे व्यस्त इलाकों में से एक है,जहां से रोजाना



हजारों लोग रेलवे स्टेशन और मुख्य बाजार की ओर जाते हैं। जलभराव और कीचड़ के कारण पैदल चलने वालों और दोपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि नगर निगम और संबंधित विभाग काम पूरा होने के बाद सड़क को उसकी पुरानी स्थिति में लाने में पूरी तरह विफल रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि इस गंभीर समस्या पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी चुप्पी साध रखी है। नागरिकों का कहना है कि बार-बार शिकायत के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही है। यदि जल्द ही इन गड्ढों को नहीं भरा गया और सड़क का डामरीकरण नहीं किया गया,तो आने वाले समय में यहां कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती है।

## होली पर रेलवे की सौगात: दानापुर और अलीपुरद्वार के लिए चलेंगी स्पेशल व अमृत भारत ट्रेनें

**सतना। आगामी होली त्यौहार के मद्देनजर यात्रियों की भारी भीड़ और बढ़ती मांग को देखते हुए पश्चिम मध्य रेल प्रशासन ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। रेलवे द्वारा लोकमान्य तिलक टर्मिनस व पुणे से दानापुर के लिए प्रतिदिन 'होली स्पेशल' ट्रेनें और पनवेल से अलीपुरद्वार के बीच नई 'अमृत भारत' एक्सप्रेस की नियमित सेवा शुरू की जा रही है। इन सभी ट्रेनों का ठहराव पश्चिम मध्य रेल के इटारसी,जबलपुर,कटनी और सतना स्टेशनों पर दिया गया है।**



### एलटीटी-दानापुर-एलटीटी प्रतिदिन स्पेशल (16 फेरे)

गाड़ी संख्या 01143 एलटीटी-दानापुर स्पेशल 21 फरवरी से 08 मार्च 2026 तक प्रतिदिन सुबह 10:30 बजे रवाना होकर अगले दिन शाम 18:45 बजे दानापुर पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 01144 दानापुर-एलटीटी स्पेशल 22 फरवरी से 09 मार्च तक प्रतिदिन रात 21:30 बजे चलेगी। यह ट्रेन जबलपुर में दोपहर 13:45 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में कुल 22 कोच (एसी, स्लीपर व सामान्य) होंगे।

### पुणे-दानापुर-पुणे प्रतिदिन स्पेशल (16 फेरे)

पुणे से बिहार जाने वाले यात्रियों के लिए गाड़ी संख्या 01449 पुणे-दानापुर स्पेशल 21 फरवरी से 08 मार्च तक प्रतिदिन दोपहर 15:30 बजे प्रस्थान करेगी। यह अगले दिन सुबह 09:05 बजे जबलपुर और तीसरे दिन तड़के 02:45 बजे दानापुर पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 01450 दानापुर-पुणे स्पेशल 23 फरवरी से 10 मार्च तक प्रतिदिन सुबह 05:00 बजे प्रस्थान कर रात 21:35 बजे जबलपुर पहुंचेगी।

### पनवेल-अलीपुरद्वार साप्ताहिक अमृत भारत एक्सप्रेस

रेल मंत्रालय ने पनवेल और अलीपुरद्वार जंक्शन के बीच नई 'अमृत भारत' ट्रेन की नियमित सेवा को हरी झंडी दे दी है। गाड़ी संख्या 11031: 23 फरवरी से प्रत्येक सोमवार पनवेल से सुबह 11:50 बजे चलेगी। यह मंगलवार तड़के 03:10 बजे जबलपुर और बुधवार दोपहर 13:50 बजे अलीपुरद्वार पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 11032: 26 फरवरी से प्रत्येक गुरुवार अलीपुरद्वार से सुबह 04:45 बजे चलकर शुक्रवार सुबह 10:05 बजे जबलपुर पहुंचेगी। इस ट्रेन में 08 शयनयान और 11 सामान्य कोच सहित कुल 22 कोच होंगे।

### सतना में रुकेगी सभी ट्रेनें

ये गाड़ियाँ रास्ते में इटारसी,प पिरिया, जबलपुर, कटनी, सतना, प्रयागराज छिवकी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन जैसे प्रमुख स्टेशनों पर रुकेंगी। यात्री विस्तृत समय-सारणी के लिए रेल मदद हेल्पलाइन 139 या रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट का उपयोग कर सकते हैं।

## मझगवा के जंगलों में बाघ की दहाड़

### खोडरी-डेंगरहट के ग्रामीणों की धड़कनें बढ़ी



**सतना।** मझगवां वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले खोडरी-डेंगरहट के जंगलों में बाघ की मौजूदगी ने ग्रामीणों की धड़कनें तेज कर दी हैं। सोमवार सुबह जब स्थानीय चरवाहे और किसान अपने खेतों की ओर निकले,तो उन्होंने नाले के पास बाघ को आराम फरमाते देखा। बाघ की मौजूदगी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद आसपास के गांवों में हड़कंप मच गया है। ग्रामीणों के अनुसार बाघ पिछले दो दिनों से इसी इलाके में सक्रिय है। वन्यजीव को दिन के उजाले में बेखौफ झाड़ियों के बीच आराम करते देखा गया है। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाल लिया है और क्षेत्र में निरंतर गश्त बढ़ा दी गई है। बाघ की सक्रियता को देखते हुए वन विभाग के मैदानी अमले ने प्रभावित गांवों में मुनादी कराई है और सुरक्षा के मद्देनजर सुझाव दिए हैं। ग्रामीण किसी भी स्थिति में जंगल की ओर अकेले या समूह के बिना न निकलें।अपने पालतू पशुओं और मवेशियों को खुले में न छोड़ें,उन्हें सुरक्षित बाड़ों में ही रखें। शाम ढलने के बाद जंगल की सीमा से सटे इलाकों में आवाजाही कम करें।

## विष्णु सागर के कायाकल्प से मैहर नगर की बढ़ेगी भव्यता

### गार्डन,म्यूजिकल फव्वारे,नौका बिहार,आकर्षक पाथवे और आधुनिक लाइट सिस्टम से किया जा रहा सुसज्जित

**मैहर।** शहर की वर्षों पुरानी मांग अब पूरी होती दिख रही है। विष्णु सागर के कायाकल्प को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती गीता संतोष सोनी की कड़ी मेहनत रंग लाती नजर आ रही है। करोड़ों रुपये का यह प्रोजेक्ट जो लंबे समय से अटका हुआ था अब जमीन पर उतरता दिखाई दे रहा है।

### 7 करोड़ से बदलेगा स्वरूप


बताया जा रहा है कि लगभग 7 करोड़ रुपये की प्रारंभिक लागत से विष्णु सागर के सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू हो चुका है।पहले चरण में इसे गार्डन,म्यूजिकल फव्वारे,नौका विहार,आकर्षक पाथवे और आधुनिक लाइट सिस्टम से सुसज्जित किया जाएगा।निर्माण कार्य की शुरुआत होते ही



शहरवासियों में उत्साह देखा जा रहा है। इस संबंध में नपा अध्यक्ष श्रीमती गीता संतोष सोनी ने बताया कि बड़ी मेहनत और प्रयासों के बाद किला राजघराने की रानी साहिबा से बैठक कर सहमति ली गई,जिसके बाद वर्षों से रुका यह प्रोजेक्ट आगे बढ़ सका।राजघराने से बेहतर तालमेल बनाकर इस ऐतिहासिक स्थल को नया स्वरूप देने की दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं। अब तक मैहरवासियों को परिवार और बच्चों के साथ घूमने के लिए दूसरे शहरों का रुख करना पड़ता था। शहर में पार्क या मनोरंजन स्थल का अभाव हमेशा चर्चा का विषय रहा। लेकिन अब विष्णु सागर के विकसित होने के बाद यह शिकायत इतिहास बन सकती है। नपा अध्यक्ष का कहना है कि जब विष्णुसागर पूरी तरह तैयार हो जाएगा तो इसका नजारा अलग ही होगा क्योंकि चकाचौंध रोशनी,हरियाली से घिरा गार्डन और नौका बिहार की सुविधा मैहर को नई पहचान देगी। यह परियोजना न केवल शहर की सुंदरता बढ़ाएगी,बल्कि पर्यटन और स्थानीय रोजगार को भी बढ़ावा देगी। मैहर आने के बाद जब वह भक्त मैहर नगर पालिका सामने बने भव्य विष्णु सागर को देखेगा तो निश्चय ही इस तालाब की भव्यता को देखेने के लिए कुछ समय देगा जिससे यहां पर बैठे व्यापारियों का भी भला होगा। मैहर के विकास की दिशा में यह कदम एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है और आने वाले दिनों में विष्णु सागर शहर का प्रमुख आकर्षण बनने की ओर अग्रसर है।

## सरकारी अस्पताल में 'बिचौलियों' पर प्रहार: अनाधिकृत एंबुलेंसों की एंट्री बैन

**सतना।** जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने जिला अस्पताल परिसर में पैर पसार चुके निजी एंबुलेंस माफियाओं पर नकेल कसना शुरू कर दिया है। अब अस्पताल परिसर में अनधिकृत एंबुलेंस मालिकों और चालकों का प्रवेश पूरी तरह वर्जित कर दिया गया है। इस संबंध में जिला अस्पताल के मुख्य द्वार पर बाकायदा एक नोटिस चस्पा किया गया है,जो चर्चा का विषय बना हुआ है।




### कार्रवाई के पीछे का कारण

अक्सर निजी एंबुलेंस चालक कमिशन के चक्कर में मरीजों को गुमराह कर निजी क्लीनिकों में ले जाते थे। अनाधिकृत वाहनों के खड़े होने से इमरजेंसी गेट पर जाम की स्थिति बनी रहती थी। मरीजों के परिजनों से मनमाना किराया वसूलने की शिकायतों के बाद यह कड़ा कदम उठाया गया है।केवल सरकारी (108) एंबुलेंस और पंजीकृत निजी वाहन ही परिसर में आ सकेंगे।अनाधिकृत रूप से घूम रहे चालकों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सुरक्षा गार्डों को निर्देश दिए गए हैं कि वे संदिग्ध रूप से घूमने वाले बाहरी एंबुलेंस कर्मियों को तत्काल बाहर करें।

## मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी बेटी की शादी के लिए जुटाए जेवर और नकदी पार



**सतना।** नागौद क्षेत्र में बेखौफ बदमाशों ने एक बार फिर पुलिस की गश्ती को चुनौती देते हुए चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। देर रात अज्ञात चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए वहां रखे सोने-चांदी के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। सबसे पीड़ादायक बात यह है कि चोरी हुई संपत्ति बेटी की शादी के लिए संजोकर रखी गई थी।जानकारी के अनुसार चोरों ने देर रात मकान के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया।घर में घुसने के बाद बदमाशों ने अलमारियों और बक्सों को बेरहमी से खंगाला। पीड़ित परिवार के अनुसार,बेटी के विवाह के लिए खरीदे गए कीमती आभूषण और घर में रखी नकदी चोर अपने साथ ले गए। सुबह जब परिजनों ने घर का नजारा देखा,तो उनके होश उड़ गए। घटना की सूचना मिलते ही नागौद पुलिस सक्रिय हुई और तत्काल दल-बल के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण एफएसएल टीम की सहायता से किया और वहां मौजूद महत्वपूर्ण भौतिक साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने पड़ोसियों और स्थानीय लोगों से संदिग्ध गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी ली है। इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

## महापौर ने सुनीं जनसमस्याएं; अधिकारियों को दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

**सतना। नगरनिगम परिसर में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम में महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने शहरवासियों की समस्याओं को बेहद आत्मीयता और गंभीरता से सुना। इस दौरान उनके साथ निगम की पूरी टीम और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याएं और शहर के विकास हेतु सुझाव प्रस्तुत किए।**

महापौर ने एक-एक कर सभी आवेदकों से मुलाकात की और उनकी शिकायतों पर संवेदनशीलता के साथ विचार किया। इस अवसर पर उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि प्रत्येक नागरिक की बात हमारे लिए महत्वपूर्ण है। जनसेवा ही हमारा प्रथम दायित्व है और शहरवासियों की समस्याओं का अंत करना हमारी प्राथमिकता है।

### अधिकारियों को सख्त निर्देश

कार्यक्रम में प्राप्त सभी प्रकरणों पर महापौर ने मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण पर जोर देते हुए अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि सभी शिकायतों का समाधान समयबद्ध तरीके से किया जाए। कार्यप्रणाली में पूरी पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित हो। आमजन को एक ही काम के लिए बार-बार कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें।महापौर ने अंत में दोहराया कि नगरनिगम प्रशासन जनता की सेवा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### अंग्रेजी विषय की परीक्षा में शामिल हुए 12 हजार 825 परीक्षार्थी

**पन्ना।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाईस्कूल के अंग्रेजी विषय की परीक्षा मंगलवार को जिले के 48 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की गई। इसमें 13 हजार 72 परीक्षार्थियों में से 12 हजार 825 परीक्षार्थी शामिल हुए, जबकि 247 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सभी केन्द्रों पर परीक्षाएं शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न संपन्न हुई। अतिसंवेदनशील एवं संवेदनशील केन्द्रों पर मंडल द्वारा नियुक्त प्रेक्षकों ने निरीक्षण किया। इसके अलावा जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक संचालक शिक्षा, जिला स्तरीय दल, मंडल सदस्य तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारियों द्वारा भी परीक्षा केन्द्रों की व्यवस्थाओं का भ्रमण कर जायजा लिया गया।

### जनसुनवाई में आए 23 आवेदन



**पन्ना।** जिला मुख्यालय पर कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को संपन्न हुई जनसुनवाई में 23 आम लोगों की समस्याओं को सुनकर निराकरण किया गया। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे ने आवेदकों की समस्याएं सुनीं। इस मौके पर अन्य विभागीय अधिकारी भी मौजूद थे।

### रमपुरा बेरियल के पास बाइक अनियंत्रित, युवक घायल, डायल 112 ने पहुंचाया जिला अस्पताल



**अमानगंज।** अमानगंज-पन्ना रोड पर रामपुर बेरियल के पास एक मोटरबाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में एक व्यक्ति घायल हो गया, जिसकी पहचान फिलहाल नहीं हो सकी है। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 एफआरवी टीम मौके पर पहुंची। आरक्षक राहुल एवं पायलट पुष्पेंद्र कुशवाहा ने तत्परता दिखाते हुए घायल को तत्काल वाहन से जिला चिकित्सालय पन्ना पहुंचाया। जहां घायल का उपचार जारी है। पुलिस द्वारा घायल की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

## अब तक चार गौशालाएं हुईं स्व-प्रमाणित, गिद्ध संरक्षण में बढ़ रहा जन सहयोग

# "वल्चर फ्रेंडली गौशाला" पहल को मिला विस्तार

**पवई।** मध्य प्रदेश वन विभाग के दक्षिण पन्ना वनमण्डल द्वारा गिद्ध संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु प्रारंभ की गई "टनसजनतम थ्तपमदकसल ळंनेींस" सेल्फ-सर्टिफिकेशन पहल को क्षेत्र में उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिल रही है। इस पहल का उद्देश्य गौशालाओं में ऐसी पशु-चिकित्सा एवं प्रबंधन पद्धतियों को सुनिश्चित करना है, जिनसे गिद्धों को हानिकारक दवाओं के अवशेषों से होने वाले खतरे से बचाया जा सके और उनके संरक्षण को मजबूत आधार मिले।






पवई स्थित श्री विद्यासागर गौशाला इस पहल के अंतर्गत दक्षिण पन्ना वनमण्डल की पहली स्व-प्रमाणित "वल्चर फ्रेंडली गौशाला" बनी थी, जिसका स्व-प्रमाणन समिति अध्यक्ष नितिन कुमार जैन द्वारा हस्ताक्षरित किया गया था। यह कार्य पवई रेंज ऑफिसर नितेश पटेल एवं वनरक्षक मनीष वर्मा के प्रोत्साहन से संभव हुआ। अब इस पहल से प्रेरित होकर तीन और गौशालाएं स्व-प्रमाणित "वल्चर फ्रेंडली गौशाला" के रूप में जुड़ गई हैं। मोहन्द्रा रेंज अंतर्गत मोहन्द्रा की सुरभि गौशाला का स्व-प्रमाणन अध्यक्ष/ प्रबंधक जितेंद्र चौरसिया द्वारा किया गया, जिसे रेंज ऑफिसर राहुल मिश्रा एवं वनपाल जयप्रकाश नारायण दूबे ने प्रोत्साहित किया। इसी रेंज के बनौली स्थित नंदगोपाल गौशाला का स्व-प्रमाणन प्रभा बाई साहू (अध्यक्ष/कोषाध्यक्ष, नंदगोपाल तेजस्वनी स्वयं सहायता समूह) द्वारा किया गया, जिसे वन परिक्षेत्र अधिकारी राहुल मिश्रा एवं वनरक्षक ओमप्रकाश सिंह ने प्रेरित किया। वहीं सलेहा रेंज के सुगरहा स्थित गौशाला का स्व-प्रमाणन अध्यक्ष/प्रबंधक नरेंद्र सिंह परमार द्वारा किया गया, जिसे रेंज ऑफिसर जीतू सिंह बघेल एवं वनरक्षक विनोद प्रजापति का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इन सभी गौशालाओं ने स्व-प्रमाणन के माध्यम से यह सुनिश्चित किया है कि पशुओं के उपचार एवं प्रबंधन में केवल गिद्धों के लिए सुरक्षित एवं पर्यावरण-अनुकूल पद्धतियों का ही पालन किया जाएगा। गिद्धों के लिए घातक दवाओं का उपयोग नहीं किया जाएगा तथा आवश्यकता होने पर सुरक्षित दवाएं ही पंजीकृत पशु चिकित्सक की सलाह से प्रयोग की जाएंगी। मृत पशुओं के निस्तारण में भी ऐसी व्यवस्था अपनाई जाएगी जिससे गिद्धों को हानिकारक अवशेष न मिलें। वन विभाग को विश्वास है कि इस पहल से क्षेत्र की अन्य गौशालाएं भी प्रेरित होंगी और गिद्ध संरक्षण के प्रयासों को व्यापक जनसहयोग प्राप्त होगा। स्थानीय समुदाय, गौशाला प्रबंधन तथा वन विभाग के समन्वित प्रयासों से दक्षिण पन्ना क्षेत्र में गिद्धों के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हो रहा है।

## चिरैया बाबा पंचमुखी हनुमान मंदिर में 18 पुराण पाठ एवं श्रीराम कथा का भव्य आयोजन

**पन्ना।** मध्य प्रदेश के पन्ना जिले के सारण धाम बंदर खोह के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल चिरैया बाबा पंचमुखी हनुमान मंदिर में आगामी 19 फरवरी 2026 से 18 पुराणों के सामूहिक पाठ एवं संगीतमय श्रीराम कथा का भव्य मंगल शुभारंभ होने जा रहा है। इस भव्य धार्मिक अनुष्ठान की तैयारियाँ जोर-शोर से जारी हैं। मंदिर के सेवक द्वारा क्षेत्र की समस्त माताओं और बहनों से विशेष अपील की गई है कि वे 19 फरवरी को सुबह 10 बजे पीले वस्त्र धारण कर मंदिर परिसर में एकत्रित हों, ताकि भव्य कलश यात्रा और आयोजन का विधिवत श्रीगणेश किया जा सके। भक्तों को अध्यात्म से जोड़ने के लिए अयोध्या धाम से पधार रहे विद्वान कथा व्यास द्वारा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से श्रीराम कथा का रसपान कराया जाएगा। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से न केवल कथा सुनने, बल्कि इस महायज्ञ में यजमान बनकर पुण्य लाभ अर्जित करने का भी आग्रह किया है। उल्लेखनीय है कि चिरैया बाबा के सानिध्य में विगत 20 वर्षों से निरंतर 365 दिन मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इस पुनीत कार्य और आगामी कथा को भव्यता प्रदान करने के लिए सभी दानदाताओं से सामर्थ्य अनुसार बढ़-चढ़कर आर्थिक और भौतिक सहयोग की अपील की गई है।

### ट्रैक्टर ने बाइक को मारी टक्कर, युवक गंभीर घायल

**अमानगंज।** पन्ना-अमानगंज मुख्य सड़क मार्ग पर मेहंगवां कुर्सी मोड़ के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने एक मोटर बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना गंभीर था कि बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान लाल जी विश्वकर्मा निवासी तिघरा भडार के रूप में हुई है। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और तत्काल घायल को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उसे कटनी रेफर कर दिया गया।




## कलेक्टर ने की पंचायत एवं ग्रामीण विकास, महिला बाल विकास, पशुपालन, स्कूल शिक्षा और स्वास्थ्य सहित आकांक्षी विकासखंड के विषयों की समीक्षा



**पन्ना।** कलेक्टर ऊषा परमार ने मंगलवार को अजयगढ़ में जनपद स्तरीय बैठक लेकर ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत क्रियान्वित योजनाओं और निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस मौके पर प्रधानमंत्री आवास, स्वच्छ भारत मिशन और मनरेगा के तहत विभिन्न योजनाओं में लक्ष्य मुताबिक अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए। इसके अलावा अटल सुशासन भवन, जनपद भवन, सामुदायिक भवन व आंगनबाड़ी भवन निर्माण, राज्य वित्त आयोग अंतर्गत स्वीकृत कार्यों, आंगनबाड़ी शौचालय निर्माण तथा पोषण वाटिका एवं रैन वॉटर हॉर्वेस्टिंग के प्रगतिरत कार्यों की जानकारी ली और समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी ने ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत बैंक लिंकेज प्रगति तथा लखपति दीदी के लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि सहित पंच सरपंच मानदेय भुगतान, नल जल योजना के संचालन, ई-सेवा केन्द्र इत्यादि कार्यों के संबंध में अद्यतन जानकारी प्रदान की। विकासखंड स्तर पर सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा कर जरूरी निर्देश भी दिए गए। इस दौरान संकल्प से समाधान अभियान में प्रथम चरण की कार्रवाही सहित आगामी चरणों की कार्ययोजना व शासन के अन्य महत्वाकांक्षी अभियान और कार्यों की प्रगति की समीक्षा भी हुई। कलेक्टर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास, महिला बाल विकास, पशुपालन, स्कूल शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग सहित आकांक्षी विकासखंड के विषयों की विस्तृत समीक्षा की। जिला कलेक्टर द्वारा गत सोमवार को पन्ना ब्लॉक स्तरीय समीक्षा बैठक भी ली गई। बुधवार को शाहनगर में जनपद पंचायत स्तरीय बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में एसडीएम आलोक मार्को, परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार एवं पियूष मिश्रा, जनपद पंचायत सीईओ सतीश नागवंशी भी उपस्थित रहे।

# श्रीमद्भागवत कथा में धर्ममय हुआ कृष्ण जन्मोत्सव में लीन हुए भक्त



**अजयगढ़** -अजयगढ़ तहसील के अंतर्गत आने वाला ग्राम चंदौरा इन दिनों पूरी तरह भक्ति के रंग में रंगा नजर आ रहा है। गाँव के पूर्व सरपंच फूलचंद यादव एवं श्रीमती वुईया यादव के सानिध्य में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा, चौक बरहों एवं प्रीतिभोज के उपलक्ष्य में आज ग्राम में भव्य कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। भगवान की भक्ति में भक्त सराबोर हुये महिलाए बच्चे भक्ति भाव से सराबोर रही-श्रद्धालुओं के जयकारों और भक्ति भजनों से वातावरण गुंजायमान रहा। माँ शीतला मंदिर परिसर (ठाकुर बाबा के स्थान) पर आयोजित इस कथा के मुख्य प्रवक्ता पं. श्री दयाराम शुक्ला शास्त्री ने प्श्रीमद् भागवत के महात्म्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भागवत कथा केवल श्रवण मात्र से ही मनुष्य के कष्टों का निवारण कर उसे मोक्ष का मार्ग दिखाती है। शास्त्री जी ने कहा कि जिस गाँव में कलश यात्रा के साथ कथा का शुभारंभ होता है, वह पूरी भूमि श्धर्मनगरश् में परिवर्तित हो जाती है। आयोजक



परिवार (श्री राजेंद्र प्रसाद उर्फ बबली यादव, सुरेंद्र यादव एवं अरुण यादव) ने बताया कि यह कथा आगामी 19 फरवरी 2026 तक अनवरत चलेगी। कथा में प्रतिदिन भक्ति मय रंगारंग कार्यक्रम और भगवान के प्रवचन होंगे। 19 फरवरी को हवन-पूजन एवं भव्य भंडारा होगा। इस धार्मिक आयोजन में समस्त क्षेत्रवासियों ने बढ़ चढ़ कर अपना समय दिया। भागवत कथा के आयोजक बबली यादव ने यह भव्य आयोजन के साथ गांव में एक धर्मशाला का भी निर्माण कराया ताकि लोगों को सार्वजनिक कार्यक्रम करने की सुविधा मिलसके।

## महिला ने खाया जहरीला पदार्थ, हालत गंभीर, अमानगंज में भर्ती

**अमानगंज।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिल्हा में एक मानसिक रूप से बीमार महिला द्वारा जहरीला पदार्थ खाने का मामला सामने आया है। महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिसका उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज में जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला का नाम ममता पति बारे लाल कुशवाहा, निवासी पलोहा बताया गया है, जो वर्तमान में अपने मायके बिल्हा में रह रही थी। इसी दौरान उसने अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया।परिजनों द्वारा तत्काल महिला को अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों की टीम द्वारा इलाज किया जा रहा है। महिला की स्थिति गंभीर बनी हुई है।फिलहाल मामले की जानकारी संबंधित पुलिस को भी दी गई है और घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से अपहृत कुल 14 नाबालिग बालक-बालिकाओं को किया गया दस्तयाब



**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा अपहृत नाबालिग बालकदृबालिकाओं की शीघ्र दस्तयाबी हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान एवं समस्त एस.डी.ओ.पी. के मार्गदर्शन में विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। अभियान के अंतर्गत अपहृत/ गुमशुदा नाबालिग बालक बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु जिले के सभी थानों में विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया। विगत 15 दिवस के दौरान चलाए गए इस अभियान में पन्ना पुलिस को ल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है। जिले के विभिन्न थानों से अपहृत कुल 14 नाबालिग बालक, बालिकाओं को सुरक्षित रूप से दस्तयाब किया गया, जिनमें अमानगंज से 04, देवेन्द्रनगर से 03, कोतवाली से 02 तथा बृजपुर, रैपुरा, सिमरिया, पवई एवं अजयगढ़ थाना क्षेत्रों से अपहृत एक-एक नाबालिग बालक/ बालिका को दस्तयाब किया गया है। उक्त नाबालिग बालक-बालिकाओं को मध्यप्रदेश सहित महाराष्ट्र, गुजरात, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ राज्यों से तकनीकी विश्लेषण, सीसीटीवी फुटेज, मुखबिर सूचना, संबंधित राज्यों की पुलिस तथा साइबर सेल पन्ना के सहयोग से खोजकर सुरक्षित लाया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य अपहृत बालकदृबालिकाओं की शीघ्र दस्तयाबी, अपहरण की रोकथाम, आरोपियों की पतारसी तथा आवश्यक वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करना था। पुलिस टीमों द्वारा त्वरित एवं समन्वित कार्रवाई करते हुए सभी नाबालिगों को सुरक्षित दस्तयाब किया गया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरांत सभी बालक बालिकाओं को उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया। विशेष अभियान के तहत पन्ना पुलिस की यह सफलता नाबालिक बच्चों की सुरक्षा, अपराध नियंत्रण एवं समाज में विश्वास सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा, ताकि प्रत्येक गुमशुदा/ अपहृत बालक बालिका को शीघ्रता से सुरक्षित उनके परिवार तक पहुँचाया जा सके।

**सराहनीय योगदान-**

उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारियों के नेतृत्व में गठित संबंधित थानों की पुलिस टीमों सहित साइबर सेल पन्ना का सराहनीय योगदान रहा।

## स्वास्थ्य की रक्षा के लिए यह एक उत्तम अस्त्र के समान है-राघवदास जी महराज

रामाचार्य से बढकर नहीं है कोई तप नहीं-राघवदास जी महराज

पवई। पवई विकासखन्ड के कृष्णगढ गांव में रामाचार्य महायज्ञ का आयोजन कराया गया इस पुनीत महायज्ञ का शुभारंभ भगवान राम की हृदय-स्थली चित्रकूट धाम के मचखडा के महंत 108 श्री राघवदास जी महराज ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ क्रष्णगढ निवासी कुलदीप गर्ग के ग्रह निवास पर संपन्न कराया गया। तीन घंटे तक चलने वाले इस रामचार्य महायज्ञ मे भगवान श्री राम सहित विदेहनंदनी जानकी एवं लक्ष्मण भरत और शत्रुघ्न का पूजन कराया। जहां भारी संख्या में भक्तों सहित ग्रामीण शामिल रहे। जहां सभी ने इस रामाचार्य महायज्ञ का पुन्य लाभ अर्जित किया। इस अवसर पर राघवदास दास जी महराज ने रामाचार्य यज्ञ कथा के विधान में बताया की भगवान शंकर जी महराज ने



पार्वती जी से इस रामचार्य के प्रसंग में बताया की रामाचार्य से बढ़कर कोई तप नही, इससे बड़ा कोई यज्ञ नहीं, इससे बड़ा कोई दान नहीं, इससे बड़ा कोई जप नहीं इससे बड़ा कोई और उत्तम पुण्य का कर्म है ही नहीं इसलिए जो लोग थोड़े भी बुद्धिमान है उनका जीवन में रामचार्य अवश्य कराना चाहिये किसी सिद्धि की कामना से अगर राम अर्चा की जाए तो बहुत जल्दी ही सिद्धि प्राप्त हो जाती है।मनुष्यको शारीरिक और मानसिक शांति की प्राप्ति के लिए और स्वास्थ्य की रक्षा के लिए यह एक उत्तम अस्त्र के समान है। इस अवसर पर शाहनगर रामहर्षण कुंज शाहनगर के महंत तुलसीदास जी महराज, चित्रकूट महंत सियाशरण जी महराज, एवं राजाराम जी महराज सहित युवक-युवतियों व्रद्ध महिलाओं सहित भारी संख्या में भक्तगण की उपस्थिती शामिल रही ततपश्चात प्रसाद ग्रहण कर भक्तों ने धर्मलाभ लिया।

## कल्दा रेंज के ग्राम जुर्सिंहा में वन अग्नि सुरक्षा पर जागरूकता बैठक आयोजित



पन्ना। दक्षिण पन्ना वनमण्डल की कल्दा रेंज अंतर्गत ग्राम जुर्सिंहा में आज ग्राम वन समिति जुर्सिंहा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वन अग्नि सुरक्षा, वन एवं वन्यजीव संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित ग्रामीणों एवं समिति सदस्यों को वनाग्नि से होने वाले नुकसान तथा उससे बचाव के उपायों के बारे में जागरूक करने हेतु एक जानकारीपूर्ण वीडियो भी प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर वनरक्षक वीरेन्द्र पटेल ने अपनी कविता "जलते जंगल करें पुकार" का पाठ कर सभी को वन संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनने का संदेश दिया। चर्चा के दौरान समिति के सदस्यों ने भी अपने विचार साझा किए और वनों को अग्नि से सुरक्षित रखने के लिए सामूहिक रूप से संकल्प लिया। बैठक में वन समिति अध्यक्ष अरुणपाल यादव, पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नागरिक महाराज सिंह, वनरक्षक वीरेन्द्र पटेल सहित ग्राम वन समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय समुदाय की सहभागिता बढ़ाकर वन एवं वन्यजीवों की प्रभावी सुरक्षा सुनिश्चित करना रहा।

## छत्रसाल शासकीय पीजी कॉलेज पन्ना में आर्द्रभूमि संरक्षण पर विशेष व्याख्यान आयोजित

**पन्ना।** छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पन्ना में प्राचार्य डॉ. एस.डी. चतुर्वेदी के निर्देशन में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत "आर्द्रभूमि संरक्षण एवं सतत विकासरू जैव विविधता, स्वच्छ जल एवं करियर अवसर" विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को आर्द्रभूमियों (वेटलैंड्स) के पारिस्थितिक महत्व, सतत विकास में उनकी भूमिका तथा मध्य प्रदेश के संदर्भ में संरक्षण की आवश्यकता से अवगत कराना था। कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता डॉ. मनोज कुमार शुक्ल, विभागाध्यक्ष (वनस्पतिशास्त्र) ने अपने उद्बोधन में उन्होंने आर्द्रभूमि की परिभाषा स्पष्ट करते हुए बताया कि आर्द्रभूमियाँ वे क्षेत्र हैं जहाँ भूमि स्थायी अथवा मौसमी रूप से जल से संतृप्त रहती है और जो स्थलीय एवं जलीय पारितंत्रों के बीच संक्रमण क्षेत्र का कार्य करती हैं। उन्होंने अद्यतन आँकड़ों का उल्लेख करते हुए बताया कि भारत में कुल 98 रामसर स्थल अधिसूचित हैं, जिनमें मध्य प्रदेश में 5, उत्तर प्रदेश में 11 तथा सर्वाधिक 20 रामसर स्थल तमिलनाडु में स्थित हैं। डॉ. शुक्ल ने आर्द्रभूमियों के प्रमुख कार्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ये जैवविविधता के संरक्षण का महत्वपूर्ण



आश्रय स्थल हैं, भूजल पुनर्भरण में सहायक हैं, बाढ़ नियंत्रण एवं जल शोधन (प्रदूषक निस्यंदन) में प्राकृतिक फिल्टर की भूमिका निभाती हैं तथा जलवायु संतुलन बनाए रखने में भी इनका योगदान महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि तेजी से बढ़ता शहरीकरण आर्द्रभूमियों के क्षरण का प्रमुख कारण बन रहा है, जिससे इनके क्षेत्रफल और पारिस्थितिक गुणवत्ता में निरंतर गिरावट आ रही है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे आर्द्रभूमि संरक्षण के प्रति जागरूक बनें और सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाएँ। इस अवसर पर डॉ. आर.एम. दत्ता विभागाध्यक्ष प्राणिशास्त्र ने पन्ना की जैवविविधता के संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन व समन्वयक डॉ. बी.एन. जायसवाल के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की संयोजक मिस मनीषा शर्मा रहीं। आयोजन में डॉ. मनोज मिश्रा एवं श्रीमती वंदना सिंह का विशेष सहयोग रहा। डॉ. रोशिनी गुप्ता (वनस्पति विज्ञान), डॉ. रुचिरा (गणित) तथा डॉ. सूजा सुकुमारन (प्राणीशास्त्र) सहित महाविद्यालय के अनेक प्राध्यापकगण एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। व्याख्यान के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और विषय से संबंधित प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाएँ शांत कीं। कार्यक्रम के अंत में वक्ता के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# सुनवानी रोड पर दर्दनाक हादसा, आमने-सामने भिड़ी दो बाइकें, पिता-पुत्र समेत तीन गंभीर घायल

**अमानगंज।** सिरसी पटना ग्राम से थोड़ी आगे सुनवानी रोड पर सोमवार को दो मोटर बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। इस भीषण सड़क दुर्घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में पिता-पुत्र भी शामिल हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायलों की पहचान कढोरी पिता सुखलाल पटेल एवं जगदीश पिता कडोरीलाल पटेल निवासी खालोंन तथा तीसरे घायल राजेश अहिरवार निवासी भजिया के रूप में



हुई है। हादसे के बाद तीनों घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है।घटना की सूचना मिलते ही सोनवानी एफआरवी मौके पर पहुंची। एफआरवी में तैनात आरक्षक भारत मिलाप एवं पायलट ब्रजकिशोर रैकवार ने तत्काल राहत कार्य करते हुए तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज पहुंचाया।जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए तीनों घायलों को कटनी रेफर कर दिया।फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

**खबर संक्षेप**

### नशे में धमकाने वाले आरोपी हिरदेश उर्फ रानू तिवारी गिरफ्तार, जेल भेजा

**छतरपुर।** छतरपुर जिले के छत्रसाल चौक में एक फरियादी से जबरदस्ती पैसों की मांग करने और नशे की हालत में उपद्रव मचाने के आरोप में पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। आरोपी हिरदेश उर्फ रानू तिवारी, निवासी जमेरा कुनेता, जिला टीकमगढ़ को सिविल लाइन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी नशे में धुत होकर छत्रसाल चौराहे पर मौजूद फरियादी से पैसे ऐंठने की कोशिश कर रहा था और विरोध करने पर उपद्रव रचने लगा था। सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को मौके से दबोच लिया। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में अपराध दर्ज किया गया है। पूछताछ के बाद उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के माध्यम से जेल भेज दिया गया है। सिविल लाइन पुलिस द्वारा इस मामले में आगे की जांच जारी है।

### डिजिटल पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया

**छतरपुर।** नारायणपुरा रोड स्थित डिजिटल पब्लिक स्कूल में मंगलवार को वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया ने शिरकत की। उनके आगमन पर स्कूल प्रबंधक योगेन्द्र रजोतिया एवं प्राचार्य उमा रजोतिया ने पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें धार्मिक गीत, देशभक्ति गीत और आकर्षक नृत्य शामिल थे। बच्चों की इन मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का दिल जीत लिया और मंच पर खूब तालियां बजीं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और मंच संचालन कौशल की सभी ने खुलकर सराहना की। मुख्य अतिथि ज्योति चौरसिया ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने स्कूल प्रबंधन की प्रशंसा करते हुए छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस भव्य समारोह में अभिभावकों की बड़ी संख्या में मौजूदगी रही, साथ ही नगर के गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने विभागीय अधिकारियों पर लगाए जातिवाद और प्रताडना के आरोप

**छतरपुर।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मंगलवार को एक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने विभागीय अधिकारियों और सहकर्मियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत दर्ज कराई। वार्ड क्रमांक 21, सटई रोड निवासी कुमारी अहिरवार ने आरोप लगाया कि विभाग में पदस्थ कुछ कर्मचारियों द्वारा उनके साथ जातिगत भेदभाव, गाली-गलौज तथा मानसिक व शारीरिक प्रताडना की जा रही है। पीड़िता के अनुसार उनकी नियुक्ति आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 83 वार्ड 21 में हुई थी, लेकिन लगातार उन्हें वार्ड 20 में कार्य करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। उन्होंने कलेक्टर सहित वरिष्ठ अधिकारियों को कई आवेदन देकर वार्ड 21 में ही पोस्टिंग की मांग की थी। आरोप है कि ट्रांसफर की इस मांग के बाद विभाग नाराज हो गया और आशा कार्यकर्ता नीरज मिश्रा, एएनएम अंजना विश्वकर्मा तथा एक सहायिका ने मिलकर उनके खिलाफ साजिश रची। कुमारी अहिरवार ने बताया कि उनके विरुद्ध झूठी शिकायतें दर्ज कराकर उन्हें पद से हटवाने की धमकियां दी जा रही हैं। साथ ही वार्ड की कुछ महिलाओं से गाली-गलौज करवाकर अपमानित किया गया तथा पूर्व में मारपीट भी करवाई गई।

व्यापार सम्मेलन बना आकर्षण, गीता दीदी का नैतिक व्यापार पर प्रेरक संबोधन

# दांतों से बस खींचकर दिखाया अद्भुत आत्मबल



**छतरपुर।** द्वादश ज्योतिर्लिंग आध्यात्मिक मेले के चौथे दिन सोमवार शाम करीब 5:30 बजे आयोजित व्यापार सम्मेलन में उत्साह, ऊर्जा और आध्यात्मिकता का अद्भुत संगम देखने को मिला। नगर के वरिष्ठ एवं युवा व्यापारियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष महत्व प्रदान किया। सम्मेलन का सबसे बड़ा आकर्षण वह रोमांचक प्रदर्शन रहा, जिसमें एक प्रतिभागी ने दांतों से बस खींचकर अपनी संकल्प शक्ति, आत्मबल और मानसिक दृढ़ता का अद्भुत परिचय दिया। इस साहसिक प्रदर्शन को देखकर पूरा पंडाल तालियों से गूंज उठा और उपस्थित जनसमूह आश्चर्यचकित रह गया।मुख्य वक्ता के रूप में पधारी आदरणीय गीता दीदी जी ने व्यापारियों को नैतिक मूल्यों और आध्यात्मिकता के महत्व पर गहन विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि व्यापार केवल लाभ कमाने का साधन नहीं, बल्कि समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण का एक सशक्त माध्यम भी है। यदि व्यापार में ईमानदारी, पारदर्शिता और सद्भाव का समावेश हो, तो वह समाज के कल्याण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है।

दीदी जी ने सकारात्मक चिंतन, संयम और आत्मविश्वास को सफलता की मूल कुंजी बताते हुए सभी को आध्यात्मिक उन्नति के साथ व्यावहारिक जीवन जीने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सच्चा व्यापारी वही है जो लाभ के साथ-साथ समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी भी निभाता है। सम्मेलन के अंत में उपस्थित व्यापारियों ने अपने जीवन और व्यवसाय में नैतिकता अपनाने तथा आध्यात्मिकता को अपनाने का संकल्प लिया। पूरा कार्यक्रम उत्साह, प्रेरणा और आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहा।



# छतरपुर में फुटपाथ सब्जी विक्रेताओं ने कलेक्टर से लगाई गुहार

**छतरपुर।** मंगलवार को जिला कलेक्टर की जनसुनवाई में फुटपाथ पर सब्जी बेचने वाले दर्जनों विक्रेताओं ने एकत्र होकर अपनी समस्या को लेकर शिकायती आवेदन सौंपा। विक्रेताओं का कहना है कि शुक्रवारी बाजार को पुलिस लाइन क्षेत्र से हटाकर नई जगह शिफ्ट किए जाने से उनका व्यापार बुरी तरह प्रभावित हो गया है। नई जगह पर ग्राहक बहुत कम पहुंच रहे हैं, जिससे उनकी रोजी-रोटी पर गहरा संकट खड़ा हो गया है। विक्रेताओं ने कलेक्टर को संबोधित आवेदन में मुख्य मांग रखी कि बाजार को पूर्व की तरह पुलिस लाइन क्षेत्र में ही व्यवस्थित रूप से लगवाया जाए। उन्होंने वैकल्पिक प्रस्ताव दिया कि यदि स्थान बदलना आवश्यक है तो बाजार उत्सव धाम के आगे लगाया जाए। साथ ही सभी दुकानदारों को सख्ती से फुटपाथ पर ही दुकान लगाने के निर्देश दिए जाएं। यदि कोई दुकानदार सड़क पर दुकान लगाता है तो उसके खिलाफ चालानी कार्रवाई की जाए, ताकि आवागमन बाधित न हो और यातायात सुचारु रहे। विक्रेताओं ने नगर पालिका से बाजार स्थल पर उचित प्रकाश व्यवस्था कराने की भी मांग की है। उनका कहना है कि यदि व्यवस्था ठीक हो तो व्यापार फिर से पटरी पर आ सकता है और परिवार का पालन-पोषण संभव हो पाएगा। कलेक्टर ने आवेदन प्राप्त कर संबंधित विभागों को जांच एवं उचित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। विक्रेताओं ने कहा कि यदि उनकी मांग पर शीघ्र अमल नहीं हुआ तो वे आगे भी आंदोलनात्मक कदम उठाने को मजबूर होंगे।

# शिवालय में गूंजी शहनाई जन सहयोग से विदा हुई बेटी



**मऊ सहानियां। छतरपुर जिले के पर्यटक ग्राम मऊसहानियां के प्राचीन श्री सदाशिव मंदिर में सामाजिक समरसता की एक अनूठी मिसाल देखने को मिली। यहां मंदिर समिति और ग्रामवासियों के सहयोग से मऊ सहानिया की बेटी किरण पुत्री स्वर्गीय मन्नू लाल और गंज निवासी राहुल पुत्र स्वर्गीय मलखान सिंह राय का विवाह पूरे विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ।** सरपंच प्रतिनिधि अप्पू राजा सोनी ने बताया कि श्री सदाशिव मंदिर कमेटी ने पिछले वर्ष भी एक कुशवाहा परिवार की बेटी का विवाह इसी प्रकार कराया था। इस वर्ष भी राय परिवार की बेटी के हाथ पीले कराने के लिए मऊ सहानिया सहित नौगांव और छतरपुर के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मंडप से लेकर भांवरों तक की सभी रस्में भगवान सदाशिव के सम्मुख संपन्न हुईं, ताकि नवदंपति को महादेव का सीधा आशीर्वाद प्राप्त हो सके। मंगलवार रात करीब 9:30 बजे जब बेटी की विदाई का समय आया, तो पूरा परिसर भावुक हो गया। सैकड़ों की संख्या में मौजूद ग्रामीणों की आंखें नम थीं। सभी ने नम आंखों से अपनी लाड़ली को उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद देते हुए विदा किया। मंदिर कमेटी ने घोषणा की है कि वे हर वर्ष ऐसे परिवारों की बेटियों का चयन करेंगे, जो आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण विवाह करने में असमर्थ हैं। समिति ऐसी बेटियों का विवाह पूरे सम्मान और हर्षोल्लास के साथ मंदिर परिसर में आयोजित कराएगी।

# 15 साल पुराने आदेश के बावजूद मुख्य रास्ते पर फिर अतिक्रमण

### कलेक्टर से की गई शिकायत, पीड़ित ने मांगा स्थायी समाधान




**छतरपुर।** छतरपुर जिले की बड़ामलहरा तहसील में मुख्य रास्ते पर दोबारा अतिक्रमण का मामला जनसुनवाई में सामने आया है। मंगलवार को कलेक्टर की जनसुनवाई में पीड़ित ग्रामीण ने शिकायत दर्ज कराई कि 15 वर्ष पुराने आदेश के बावजूद रास्ता बार-बार बंद किया जा रहा है। प्रार्थी ने बताया कि तहसीलदार बड़ामलहरा द्वारा 29 मई 2011 को मौके पर पहुंचकर रास्ता खुलवाया गया था। उस समय पंचनामा तैयार किया गया और ग्रामीणों के हस्ताक्षर भी कराए गए थे। इसके बाद लगभग 13 वर्षों तक रास्ते से निर्बाध आवागमन होता रहा।आरोप है कि दो वर्ष पहले रामस्वरूप/उत्तम शर्मा तथा गणेश/अर्जुन शर्मा ने भैंसों का टपरा और गोबर का घूरा रखकर रास्ता अवरुद्ध कर दिया। शिकायत मिलने पर कलेक्टर के निर्देश पर 9 मई 2025 को तहसीलदार को आवेदन दिया गया। इसके बाद 5 जून 2025 को आरआई और पटवारी को अतिक्रमण हटाने के आदेश जारी हुए। 15 जून 2025 को मौके पर अतिक्रमण हटाया भी गया, लेकिन 20 जनवरी 2026 को फिर से रास्ते में लकड़ी रखकर कब्जा कर लिया गया। पीड़ित ने कलेक्टर से मांग की है कि इस समस्या का स्थायी समाधान किया जाए ताकि भविष्य में रास्ता दोबारा बंद न हो। प्रशासन से अपील की गई है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो और रास्ते को हमेशा के लिए मुक्त कराया जाए।

# पेंशन स्वीकृति से वृद्धजन के चेहरे पर आई मुस्कान

**छतरपुर।** जिला स्तरीय जनसुनवाई बनी तत्काल निराकरण का उदाहरण। कलेक्टर पार्थ जैसवाल मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में चल रही जिला स्तरीय जनसुनवाई में आए तीन आवेदकों की तत्काल पेंशन स्वीकृति के निर्देश दिए। जिसके पालन में अधिकारियों द्वारा तीनों वृद्धजन की पेंशन स्वीकृत की गई।जिसमें आवेदक छन्नू साहू उम्र 60 वर्ष निवासी ग्राम पंचायत बरद्वाहा, दंपत्ति मदन मोहन सोनी उम्र 76 वर्ष एवं सावित्री सोनी उम्र 68 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 11 कछ्याना मोहल्ला छतरपुर शामिल हैं।




# डॉक्टर पर गलत इलाज और धमकी का आरोप, एसपी से कार्रवाई की मांग



**छतरपुर।** घुवारा थाना क्षेत्र के शासकीय स्वास्थ्य केंद्र में एक महिला मरीज ने डॉक्टर पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत सौंपी है। पीड़िता काजल वंशकार ने आरोप लगाया है कि लगभग एक वर्ष पहले हल्के पेट दर्द की शिकायत लेकर वह स्वास्थ्य केंद्र पहुंची थीं, लेकिन डॉक्टर द्वारा दी गई दवाइयों के सेवन के बाद उन्हें गंभीर संक्रमण और अत्यधिक ब्लीडिंग की समस्या हो गई।पीड़िता का कहना है कि दवाइयों के दुष्प्रभाव से उनकी तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद जब उन्होंने डॉक्टर से शिकायत की तो उन्हें अस्पताल से कथित रूप से भगा दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि स्वास्थ्य केंद्र में स्टाफ का व्यवहार भी असहयोगपूर्ण रहा। नर्सिंग स्टाफ ने इलाज से मना कर दिया और महिला मरीजों का उपचार अधिकृत नर्स के बजाय अन्य कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है। शिकायत में यह भी दावा किया गया है कि दवाइयों और इंजेक्शन के नाम पर मरीजों से निर्धारित शुल्क से अधिक राशि वसूली जाती है। पीड़िता के पति ने बताया कि जब उन्होंने डॉक्टर से दुष्प्रभावों के बारे में पूछताछ की तो उन्हें धमकी दी गई और अस्पताल से बाहर कर दिया गया। काजल वंशकार ने पुलिस अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषी डॉक्टर व संबंधित स्टाफ के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में इस तरह की लापरवाही और अनियमितताएं आम हो गई हैं, जिससे गरीब मरीजों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

# जेई परीक्षा में प्रिंस अहिरवार और ध्रुव वर्मा ने किया कमाल



**छतरपुर।** शहर के प्रतिभाशाली छात्रों ने एक बार फिर अपनी मेहनत और लगन से सफलता की मिसाल पेश की है। प्रिंस अहिरवार और ध्रुव वर्मा ने जेई परीक्षा को सफलतापूर्वक क्वालीफाई कर लिया है। इस उपलब्धि पर उनके कोचिंग संस्थान फिजिक्स वाला के संचालक ने ढोल-नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया, जिससे पूरा परिसर उत्साह से भर गया। दोनों छात्रों ने परीक्षा की तैयारी के दौरान अपनी कड़ी मेहनत और रणनीति के बारे में बताया। प्रिंस अहिरवार ने कहा, हम रोजाना नियमित रूप से पढ़ाई करते थे। कोचिंग में मिलने वाली गाइडेंस और सेल्फ-स्टडी का संतुलन बहुत महत्वपूर्ण था। फिजिक्स वाला के टीचर्स ने कॉन्सेप्ट्स को इतनी आसानी से समझाया कि मुश्किल टॉपिक्स भी सरल लगने लगे।ध्रुव वर्मा ने अपनी सफलता का राज बताया, मेहनत के साथ-साथ स्मार्ट वर्क जरूरी है। हमने पिछले सालों के पेपर्स सॉल्व किए, वीक पॉइंट्स पर फोकस किया और रोजाना टेस्ट दिए। कोचिंग में मिलने वाला मोटिवेशन और डाउट सॉल्विंग सेशन ने हमें आगे बढने में मदद की। फिजिक्स वाला कोचिंग के संचालक ने दोनों छात्रों की इस उपलब्धि पर गर्व जताते हुए कहा कि ऐसे छात्र ही संस्थान की असली पहचान हैं। उन्होंने अन्य छात्रों को भी प्रेरित किया कि लगातार मेहनत और सही दिशा में प्रयास से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

# एनएसएस शिविर: नशा मुक्त भारत अभियान और जागरूकता पर जोर



**छतरपुर।** शासकीय कन्या पी.जी. महाविद्यालय, जिला छतरपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गोद ग्राम बूढ़ा के शासकीय प्राइमरी शाला में आयोजित सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर के द्वितीय दिवस पर विभिन्न जागरूकता गतिविधियां संपन्न हुईं।शिविर के प्रथम सत्र की शुरुआत एनएसएस स्वयंसेवकों एवं प्राध्यापकों द्वारा मेडिटेशन से की गई। इसके बाद नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत ग्रामवासियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराने हेतु एक जागरूकता रैली निकाली गई तथा नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को नशे के मानसिक, शारीरिक एवं आर्थिक प्रभावों के प्रति गहन समझ विकसित करने का प्रयास किया गया।द्वितीय सत्र में बौद्धिक परिचर्चा का आयोजन हुआ। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. पी.के. दीक्षित ने स्वास्थ्य, शिक्षा एवं रोजगार के क्षेत्र में छात्राओं एवं महिलाओं के बीच जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया। उन्होंने एनएसएस स्वयंसेवकों को गांव का भ्रमण कर ग्रामवासियों की वास्तविक समस्याओं की पहचान करने, उनके समाधान के प्रयास करने तथा सात दिवस के शिविर के बाद विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने हेतु प्रेरित किया। डॉ. दीक्षित ने जोर दिया कि जमीनी स्तर पर कार्य से ही ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का वास्तविक लाभ मिल सकेगा। डॉ. रविशंकर द्विवेदी ने भारत को नशा मुक्त बनाने में एनएसएस की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए महत्वपूर्ण व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में शासकीय प्राइमरी शाला रौरा की अध्यापिका श्रीमती शीला मिश्रा ने शिक्षा के क्षेत्र में रोजगार के अवसरों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने छात्राओं को स्नातक एवं स्नातकोत्तर शिक्षा के पश्चात शिक्षण क्षेत्र में कदम रखने तथा समग्र व्यक्तित्व विकास पर जोर दिया। शिविर में डॉ. कनुप्रिया चौबे, डॉ. शुभा मिश्रा एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीरज निरंजन की सक्रिय उपस्थिति रही। यह शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं नशा मुक्ति जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर केंद्रित है।

# महिला स्वास्थ्य और सशक्तिकरण की दिशा में एनसीएल की सार्थक पहल

### एनसीएल की सीएसआर पहल से 'पाखी' सैनिटरी पैड का उत्पादन और आपूर्ति



**महिला स्वास्थ्य एवं स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एनसीएल ने सोमवार को एनसीएल ने अवंतीबाई स्वयं सहायता समूह, पीपरखड़ के साथ एमओयू किया। इस एमओयू के तहत एनसीएल द्वारा निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत सिंगरौली एवं सोनभद्र के 28 विद्यालयों में तीन वर्ष की अवधि तक 'पाखी' सैनिटरी पैड की निः शुल्क नियमित आपूर्ति सुनिश्चित कराने हेतु वित्तीय सहयोग प्रदान किया जाएगा।**

एनसीएल की इस पहल से लगभग 8,000 छात्राओं को मासिक धर्म स्वच्छता का लाभ मिलेगा एवं स्थानीय महिलाओं को रोजगार, कौशल विकास और आत्मनिर्भरता के अवसर मिलेंगे। इस अवसर पर एनसीएल की ओर से महाप्रबंधक (सीएसआर), राजीव रंजन और अवंतीबाई स्वयं सहायता समूह, पीपरखड़ की ओर से सचिव, उर्वशी रानी सिंह वैश ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

उल्लेखनीय है कि ग्राम पीपरखड़ स्थित 'पाखी' सैनिटरी पैड निर्माण इकाई की स्थापना एनसीएल झिंगुरदा द्वारा आईआईटी (बीएचयू), वाराणसी के सहयोग से की गई है। इस इकाई का संचालन आजीविका मिशन के अंतर्गत अवंती बाई स्वयं सहायता समूह की महिलाएं कर रही हैं, जहाँ उन्हें सेनेटरी पैड बनाने का प्रशिक्षण के साथ मासिक धर्म एवं उससे जुड़े मिथ्यो के प्रति जागरूक किया जाता है । इस केन्द्र के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को रोजगार, कौशल विकास एवं आत्मनिर्भरता के अवसर प्राप्त हो रहे हैं

# एनटीपीसी विंध्याचल ने आरसीआर(RCR) मोड से 100वीं पोंड ऐश रेक किया रवाना

**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल ने सतत विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए रेल-कम-रोड (RCR) मोड के माध्यम से पोंड ऐश की 100वीं रेक सफलतापूर्वक प्रेषित की। यह ऐश एनएचएआई (NHAI) (वाराणसी प्रोजेक्ट इम्प्लीमेंटेशन यूनिट – रांची-वाराणसी-कोलकाता एक्सप्रेसवे परियोजना) के लिए भेजी गई है। इस पहल का शुभारंभ 17 फरवरी 2026 को परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) श्री संजीब कुमार साहा द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) श्री ए.जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (मेंटेनेंस एवं एडीएम) श्री एम. सुरेश, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्रीमती मृणालिनी सहित ईएमडी, एयूडी, एमजीआर और एचआर विभागों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। उपलब्धि के उपलक्ष्य में संक्षिप्त पूजा-अर्चना भी की गई।यह महत्वपूर्ण उपलब्धि एनटीपीसी विंध्याचल की सतत ऐश उपयोग और पर्यावरण-अनुकूल लॉजिस्टिक्स में अग्रणी भूमिका को पुनः स्थापित करती है। आरसीआर मॉडल के तहत लंबी दूरी के परिवहन में रेल का अधिकतम उपयोग तथा सड़क पर निर्भरता में कमी से ईंधन की बचत, यातायात दबाव में कमी और कार्बन उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी सुनिश्चित होती है। एंड-टू-एंड आधार पर पोंड ऐश की आपूर्ति राष्ट्रीय राजमार्ग अवसंरचना कार्यों में की जा रही है, जो देश में सड़क विकास को गति देने के साथ-साथ सर्कुलर इकोनॉमी के सिद्धांतों को भी सशक्त करती है। 100 रेक के सफल प्रेषण के साथ एनटीपीसी विंध्याचल ने सतत संचालन में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है, जो भारत सरकार के हरित विकास और तीव्र अवसंरचना निर्माण के विज़न के अनुरूप है।

## खबर संक्षेप

### एसडीएम हुजूर की पहल पर माता-पिता व पुत्र एवं पुत्र-वधु के बीच हुई आपसी सुलह

**रीवा ।** एसडीएम हुजूर डॉ. अनुराग तिवारी ने गोड़हर निवासी गेंदिया दाहिया पति भारत दाहिया के आवेदन पर संज्ञान लेते हुए माता-पिता व पुत्र एवं पुत्र-वधु के बीच आपसी सुलह कराई। गेंदिया दाहिया पति भारत दाहिया निवासी रेलवे स्टेशन के पास गोड़हर हुजूर जिला द्वारा अपने पति, पुत्र व पुत्रवधु के विरूद्ध मारपीट, भरण-पोषण का आवेदन प्रस्तुत किया गया। डॉ. अनुराग तिवारी अनुविभागीय अधिकारी हुजूर द्वारा माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण तथा कल्याण अधिनियम 2007 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर अनावेदकगण भारत दाहिया, रामप्रताप दाहिया पिता श्री भारत दाहिया एवं राजकुमारी दाहिया पति रामप्रताप दाहिया को नोटिस जारी करते हुये उभयपक्षों की समक्ष में सुनवाई उपरांत अनावेदकगणों को आवेदिका के पर्याप्त भरण-पोषण, बीमार होने पर दवाई आदि की समुचित व्यवस्था एवं सुव्यवहार करने की हिदायत देते हुये प्रकरण में सुलह कराई।

### प्रथम चरण का जनगणना संबंधी प्रशिक्षण आरंभ

**रीवा ।** जनगणना 2027 पूर्व की जनगणनाओं की भांति इस बार भी दो चरण में संपादित की जाएगी। प्रथम चरण में मकानसूचीकरण का कार्य किया जायेगा जिसमे मकानों की स्थिति, सुविधाओं एवं परिसंपत्तियों का विवरण प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर एकत्रित किया जायेगा। प्रथम चरण की तैयारियों और तकनीकी से परिचय हेतु जिला स्तर पर जनगणना पदाधिकारियों जनगणना अधिकारी एवं चार्ज अधिकारी व उनके सहयोगी का चार दिवसीय प्रशिक्षण कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देशन में मोहन सभागार में शुरू हुआ । प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी एवं संयुक्त कलेक्टर राजेश कुमार सिन्हा, जिला जनगणना अधिकारी तथा जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी उपस्थित रहें। प्रशिक्षण जनगणना कार्य निदेशालय भोपाल निदेशालय के पदाधिकारी श्री नागेश पाठक एवं श्री शशि कान्त शुक्ला के द्वारा प्रदान किया जा रहा है प्रशिक्षण में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन एवं डेमो के माध्यम से जनगणना 2027 की रूपरेखा, प्रारम्भिक तैयारियां, रोडमैप और संगठनात्मक ढांचा के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया । प्रशिक्षकों द्वारा यह भी बताया गया कि जनगणना 2027 देश की प्रथम जनगणना होगी जिसमें डिजिटल टूल्स का उपयोग किया जायेगा जिसमें मोबाइल एप के माध्यम से डेटा संकलन का कार्य किया जायेगा, साथ ही इस पूरे कार्य की निगरानी एवं समीक्षा जनगणना प्रबंधन एवं निगरानी प्रणाली के माध्यम से वेब पोर्टल के माध्यम से किया जायेगा। जनसंख्या गणना पूरे देश में फरवरी 2027 में संपन्न होगी। इस जनगणना में पहली बार नागरिकों को स्व-गणना का विकल्प प्रदान किया गया है। इसके अंतर्गत, राज्य में जनगणना के क्षेत्रीय कार्य आरंभ होने से 15 दिन पूर्व अर्थात 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक सभी नागरिक सेल्फ एन्युमरेशन पोर्टल एवं मोबाइल ऐप के माध्यम से आनलाइन प्रश्नावली भरकर अपनी जनगणना स्वयं करने हेतु उपलब्ध विकल्प का उपयोग कर सकते हैं। प्रशिक्षण में निदेशालय के पदाधिकारियों द्वारा जनगणना की प्रक्रिया, समय-सीमा एवं जनगणना-2027 की कार्ययोजना पर विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में जनपद के सभी चार्ज अधिकारी अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# अधिकारी सौ दिन से अधिक लंबित आवेदनों का सात दिवस में निराकरण करें - कमिश्नर

## संकल्प से समाधान अभियान के आवेदनों का निराकरण करें

रीवा ।

कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का तत्परता से निराकरण करें। विशेष प्रयास करके सौ दिन से अधिक समय से लंबित सभी प्रकरणों का सात दिवस में निराकरण करें। अभी भी कई विभागों में बड़ी संख्या में प्रकरण नॉन अटेंडेड हैं। संबंधित एल-1 अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई करें। प्रकरण के नॉन अटेंडेड रहने पर रैंकिंग में गिरावट होती है। राजस्व विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, श्रम



विभाग, जनजातीय कार्य विभाग तथा खाद्य विभाग में बड़ी संख्या में आवेदन पत्र लंबित हैं। इनके निराकरण पर ध्यान दें। कमिश्नर ने कहा कि संकल्प से समाधान अभियान के तहत 16 फरवरी से विकासखण्ड स्तर तथा क्लस्टर स्तर पर समाधान शिविर शुरू हो गए हैं। सभी अधिकारी अपने विभाग से जुड़े आवेदन पत्रों का सात दिवस में निराकरण सुनिश्चित करें। सीधी, सिंगरौली और रीवा जिलों में आवेदन पत्रों का निराकरण संतोषजनक नहीं है। आमजनता से प्राप्त आवेदन पत्रों को उचित कारण होने पर ही अमान्य करें। आयुष्मान कार्ड, संबल योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, राजस्व प्रकरण तथा ग्रामीण विकास से जुड़े मुद्दों पर बड़ी संख्या में आवेदन मिले हैं। आवेदन पत्रों का निराकरण करके नोडल अधिकारियों के माध्यम से सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर दर्ज कराएं। बैठक में कमिश्नर ने पेयजल व्यवस्था समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन के लिए किसानों के पंजीयन, प्राकृतिक खेती, कृषि वर्ष की कार्ययोजना तैयार करने तथा राजस्व प्रकरणों के निराकरण के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, उपायुक्त एलएल अहिरवार तथा सभी संभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



# ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित परीक्षाओं का कलेक्टर द्वारा किया गया निरीक्षण

**रीवा ।** कलेक्टर प्रतिभा पाल द्वारा माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा संचालित की जा रही बोर्ड परीक्षाओं का निरीक्षण किया गया। उन्होंने शासकीय बालक उ.मा. विद्यालय एवं कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने परीक्षा व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा परीक्षा कक्ष में शासकीय शिक्षकों की ही ड्यूटी लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने परीक्षा कक्ष में एक टेबिल में एक ही परीक्षार्थी को बैठाये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने परीक्षा कक्ष में एक टेबिल में दो-दो परीक्षार्थियों के बैठाये जाने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि माध्यमिक शिक्षा मंडल के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करायें तथा कहीं भी नकल के प्रकरण न बनें और परीक्षा केन्द्र से 100 मीटर की दूरी तक अवांछित तत्वों की उपस्थिति न रहे। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, एसडीएम दृष्टि जायसवाल सहित स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# गर्भवती महिलाओं के पंजीयन में लापरवाही बरतने वालों पर होगी कार्रवाई

रीवा ।

कमिश्नर बीएस जामोद ने कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर्स कान्फ्रेंस के एजेण्डा बिन्दुओं की समीक्षा की। बैठक में कमिश्नर ने शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के बिन्दुओं की जिलेवार समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि शिक्षा विभाग के अधिकारी 20 मार्च तक सर्वे का कार्य पूरा कराकर हर बच्चे का चिन्हांकन करें। शाला जाने योग्य हर बच्चे का शाला में प्रवेश कराएं। किसी भी कारण से गत वर्ष शाला त्यागी हो गए बच्चों की ट्रैकिंग करके उनका प्रवेश सुनिश्चित कराएं। यदि किसी बच्चे की समग्र आईडी नहीं है तो भी उसे शाला में प्रवेश देकर आईडी बनाने और दस्तावेज लेने की कार्यवाही करें। शिक्षा विकास की कुंजी है। भावी पीढ़ी को शिक्षित और ज्ञानवान बनाना हम सबकी जिम्मेदारी है। शिक्षित और समझदार बच्चे ही देश के भविष्य का निर्माण करेंगे। बच्चों को सही शिक्षा और संस्कार देना परिवार और समाज दोनों की जिम्मेदारी है। कमिश्नर ने कहा कि निःशुल्क पुस्तकों के परिवहन के लिए जिला शिक्षा अधिकारी टेण्डर की कार्यवाही दो दिवस में पूरी कर लें। बालिका शौचालयों के निर्माण तथा



सुधार के लिए स्वीकृत राशि का उपयोग करते हुए आठ मार्च तक निर्माण कार्य पूरे कराएं। शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए भी लगातार प्रयास करें। कमिश्नर ने स्वास्थ्य तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी गर्भवती महिलाओं का समय पर पंजीयन कराकर नियमित जाँच करें। एनिमिक और सीवियर एनिमिक गर्भवती महिलाओं की नियमित स्वास्थ्य जाँच, उपचार तथा आयरन सुक्रोज के इंजेक्शन लगाने की व्यवस्था करें। आवश्यक होने पर गर्भवती महिलाओं को खून भी चढ़वाएं। एनीमिया के उपचार के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। सीधी और सिंगरौली जिले की स्थिति ठीक नहीं है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी गर्भवती महिलाओं के पंजीयन और एनीमिया प्रबंधन में सुधार करें। पंजीयन में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करें। आपके द्वारा छोटी सी भूल किसी के लिए प्राणों का संकट बन सकती है। कमिश्नर ने कहा कि शिशु मृत्यु तथा मातृ मृत्यु की प्रत्येक घटना की ऑडिट कराकर कलेक्टर के माध्यम से रिपोर्ट प्रस्तुत करें। क्षयमुक्त भारत अभियान पर भी विशेष ध्यान दें। निक्षय मित्र बनाकर हर क्षय पीड़ति को निःशुल्क पोषण बास्केट उपलब्ध कराएं। रीवा, सतना तथा सीधी जिले इस पर विशेष ध्यान दें। सिकल सेल एनीमिया की जाँच में भी स्थिति संतोषजनक नहीं है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सीधी जाँच और उपचार की उचित व्यवस्था करें। हर गर्भवती महिला की सिकल सेल की जाँच अवश्य कराएं। कमिश्नर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आंगनवाड़ी केन्द्रों से टीएचआर वितरण की जानकारी पोषण ट्रैकर पोर्टल पर दर्ज कराएं। रीवा, सिंगरौली, सीधी, मैहर में स्थिति संतोषजनक नहीं है। कम पोषित बच्चों की परियोजनावार सूची उपलब्ध है। इनका वजन बढ़ाने तथा स्वास्थ्य रक्षा की नियमित व्यवस्था करें। पोषण पुनर्वास केन्द्रों में कुपोषित बच्चों के लिए उपलब्ध बिस्तरों में शत-प्रतिशत भर्ती कराएं। केन्द्र से निकलने के बाद बच्चों का तीन महीने तक फालोअप करें। आंगनवाड़ी केन्द्रों को प्राथमिक स्कूलों के परिसर में स्थानांतरित करने तथा प्री प्राइमरी शिक्षा के लिए भी तत्परता से कार्यवाही करें। बैठक में संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास शशि श्याम उइके, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ. सत्यभामा अवधिया, संयुक्त संचालक शिक्षा नीरव दीक्षित तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। अन्य जिलों के अधिकारी वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में उपस्थित रहे।

# बैकुंठपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

रीवा।

जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति एक बार फिर सवालों के घेरे में है जिले के सिरमौर जनपद पंचायत अंतर्गत बैकुंठपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को कलेक्टर प्रतिभा पाल द्वारा किए गए औचक निरीक्षण में गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। निरीक्षण के दौरान जहां 11 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए, वहीं चिकित्सक की टेबल पर निजी जांच केंद्रों की पर्चियां और अस्पताल परिसर में शराब की खाली बोतल मिलने से प्रशासन भी हैरान रह गया।जानकारी के अनुसार कलेक्टर प्रतिभा पाल ने सिरमौर एसडीएम के साथ बैकुंठपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। प्रारंभिक जांच में कई व्यवस्थागत कमियां सामने आईं, जिनके सुधार के निर्देश तत्काल दिए गए।हालांकि कलेक्टर के निरीक्षण के बाद जब एसडीएम की टीम ने केंद्र का विस्तृत निरीक्षण किया तो लापरवाही की परतें खुलती चली गईं। बता दे कलेक्टर के निरीक्षण के दौरान दौरान कलेक्टर ने पीएनसी वार्ड एवं जनरल वार्ड का निरीक्षण किया



तथा मरीजों से मिलने वाली चिकित्सा सुविधा की जानकारी ली। उन्होंने अपने सामने गर्भवती महिलाओं का बीपी चेक कराया तथा उनको दिये जाने वाले टीका तथा अन्य उपचार की जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने मरीजों को खाना व नाश्ता न मिलने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा रसोई का निरीक्षण किया और भोजन न बनने पर संबंधितों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिये। चिकित्सालय में स्टाक में पंजी से दवाईयों का मिलान न होने पर रजिस्टर जप्त कर कलेक्टर ने कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर तथा एसडीएम दृष्टि जायसवाल उपस्थित रहे। उपस्थिति रजिस्टर में 11 कर्मचारी गायबजांच टीम में शामिल नायब तहसीलदार ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र के उपस्थिति रजिस्टर में एक साथ 11 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। जिसमे डॉ. ओमप्रकाश पिडिहा, श्यामशरण यादव, सुजीत जायसवाल तथा अरूण तिवारी अनुपस्थित पाये गये। कलेक्टर ने उपस्थिति पंजी जप्त कराते हुए संबंधितों के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश दिये। इतने बड़े स्तर पर कर्मचारियों की अनुपस्थिति ने स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक स्थिति उजागर कर दी।डॉक्टर की टेबल पर मिलीं प्राइवेट पर्चियांनिरीक्षण के दौरान केंद्र में पदस्थ चिकित्सक डॉ. ओमप्रकाश (क्रमांक 6) की टेबल पर निजी जांच केंद्रों की पर्चियां मिलीं। इनमें राज स्कैनिंग सेंटर सहित सिटी स्कैनिंग, सोनोग्राफी, डिजिटल एक्स-रे और पैथोलॉजी से संबंधित पर्चियां जब्त की गईं। आयुष कक्ष में मिली शराब की खाली बोतलअस्पताल परिसर में संचालित आयुष चिकित्सा केंद्र क्रमांक 2 के कमरे में शराब की खाली बोतल और डिस्पोजल सामग्री पाई गई। सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में इस प्रकार की सामग्री का मिलना प्रशासनिक लापरवाही का गंभीर मामला माना जा रहा है।रसोई घर में न भोजन, न गैसनिरीक्षण के दौरान रसोई घर की स्थिति भी चिंताजनक मिली। रसोइया अनुपस्थित पाई गई, जबकि रसोई में न तो खाद्य सामग्री उपलब्ध थी और न ही गैस सिलेंडर में गैस। इससे मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं पर भी प्रश्नचिह्न खड़े हो गए हैं।दवा स्टॉक और ऑनलाइन एंट्री की जांच जारीएमपी औषधि पोर्टल पर ऑनलाइन दावों की एंट्री नहीं पाई गई। साथ ही भंडार कक्ष में रखी दवाओं के स्टॉक एवं वितरण संबंधी रिकॉर्ड की भी जांच की जा रही है। प्रशासन का कहना है कि संपूर्ण जांच के बाद विस्तृत प्रतिवेदन तैयार कर जिम्मेदारों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से बुजुर्ग की मौत, परिजनों ने पुलिस कर्मी पर आरोप

रीवा।

जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मझगवां में सोमवार देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में 58 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हुए बुजुर्ग ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। घटना के बाद परिजनों ने बाइक सवार के पुलिसकर्मी होने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार मझगवां निवासी भोला रजक (58) सोमवार की देर शाम मझगवां हायर सेकेंडरी स्कूल के पास पैदल जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक वह सड़क पार कर रहे थे, तभी विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि भोला रजक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल




अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान ही उनकी मौत हो गई। चिकित्सकों ने सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट लगना मौत का कारण बताया है। वही मृतक के परिजनों का आरोप है कि जिस बाइक ने टक्कर मारी, उसे एक पुलिसकर्मी चला रहा था। उनका कहना है कि हादसे के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया। परिजनों ने मामले की निष्पक्ष जांच और दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज कर लिए हैं और अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि बाइक सवार की पहचान की जा सके।

### हत्या के प्रयास के मामले में न्यायालय ने आरोपियों को किया दोषमुक्त

# अपर सत्र न्यायालय ने सुनाया अहम फैसला



रीवा।

वर्ष 2021 में थाना अमहिया क्षेत्र के मानस भवन के पास हुए बहुचर्चित मारपीट प्रकरण में अपर सत्र न्यायालय ने सभी आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया है। न्यायालय ने पाया कि अभियोजन पक्ष आरोप सिद्ध करने में असफल रहा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अक्टूबर 2021 में थाना अमहिया में दर्ज प्रकरण के तहत संग्राम सिंह, दिव्यांश शुक्ला, ज्ञानेंद्र सिंह, जितेंद्र पाठक, अम्बुज सिंह एवं सूर्यकांत तिवारी पर आरोप था कि उन्होंने मानस भवन के समीप मयंक शुक्ला और अजय यादव के साथ रॉड, तलवार और लाठी से गंभीर मारपीट की थी। घटना में घायलों को प्राणघातक चोटें आने का उल्लेख किया गया था। पुलिस ने मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 307 (हत्या का प्रयास) सहित अन्य गंभीर धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को गिरफ्तार किया था। मामले का विचारण अपर सत्र न्यायालय में हुआ, जहां न्यायाधीश संदीप श्रीवास्तव की अदालत में सुनवाई चली। विस्तृत सुनवाई एवं साक्ष्यों के परीक्षण के उपरांत न्यायालय ने अपने निर्णय में कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपों को संदेह से परे प्रमाणित नहीं कर सका। साक्ष्यों एवं गवाहों के आधार पर अपराध सिद्ध न होने के कारण सभी आरोपियों को धारा 307 सहित लगाए गए अन्य आरोपों से बरी कर दिया गया। आरोपी पक्ष की ओर से अधिवक्ता आशीष प्रताप सिंह एवं अधिवक्ता राजीव सिंह परिहार (शेरा सिंह) ने प्रभावी पैरवी की।

# जनसुनवाई में 86 आवेदकों ने प्रस्तुत किये आवेदन

रीवा ।

कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में 86 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किये। संयुक्त कलेक्टर राजेश कुमार सिन्हा ने आवेदकों की समस्यायें सुनीं तथा संबंधित आवेदनों को विभागीय अधिकारियों को समुचित कार्यवाही के लिए प्रेषित किया। जनसुनवाई में बीड़ा ग्राम के निवासियों ने हैण्डपंप को अतिक्रमण मुक्त किये जाने का आवेदन दिया जिसे तहसीलदार को प्रेषित कर कार्यवाही के लिए निर्देश दिये। इसी प्रकार यज्ञनारायण अग्निहोत्री निवासी हटहा के भूमि अधिग्रहण के मुआवजा दिलाये जाने के आवेदन पर एसडीएम सिरमौर को, ज्ञानेन्द्र साकेत निवासी तिखरा के समान मूल्य के आधार पर भूमि बटवारा किये जाने के आवेदन को तहसीलदार हुजूर को एवं नरेन्द्र कुमार तिवारी निवासी ढखरा के हिस्से की जमीन पर अन्य लोगों द्वारा



जबरन कब्जा किये जाने के आवेदन पर तहसीलदार त्योंथर को कार्यवाही किये जाने हेतु प्रेषित किया गया। जनसुनवाई में अमवा निवासी रामदुलारे कुशवाहा के विद्युत बिल में सुधार के आवेदन पर विद्युत मंडल को, अकौरिया निवासी सरिता द्विवेदी के पीएम आवास योजना का लाभ दिलाये जाने के आवेदन पर सीईओ जनपद त्योंथर को, सुरसाकला निवासी कृष्ण कुमार तिवारी के प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभ दिलाये जाने के आवेदन को तहसीलदार रायपुर कर्चुलियान को कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया। जबकि अखिलेश शर्मा निवासी सिरमौर ने वेतन भुगतान का आवेदन किया जिसे सीईओ जिला पंचायत को, प्रेमलाल दाहिया शिक्षक दुलहरा के ऋण पुस्तिका में सुधार के आवेदन को जिला शिक्षा अधिकारी को तथा समाधान जनकल्याण सेवा संस्थान द्वारा शासकीय भूमियों को अतिक्रमण मुक्त कराने के आवेदन को तहसीलदार मनगवां को समुचित कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया है।

# कलेक्टर ने 35 आवेदकों की समस्यायें सुनीं

**मऊगंज।** कलेक्टर संजय कुमार जैन ने जनसुनवाई मे 35 आवेदकों की समस्यायें सुनीं तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने डॉ. श्यामसुंदर कोल प्रधानाध्यापक के लंबित राशि के भुगतान के आवेदन पर जिला शिक्षा अधिकारी एवं मोहम्मद हजरतदीन निवासी लोढ़ी के विद्युततार उपलब्ध कराकर बिजली चालू करने के आवेदन पर विद्युत विभाग के कार्यपालन यंत्री को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। जनसुनवाई में आशीष गुप्ता निवासी हनुमना ने अपने हिस्से के मकान में अन्य द्वारा कब्जा किये जाने का आवेदन किया जिस पर कलेक्टर ने एसडीएम हनुमना को कार्यवाही कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। इसी प्रकार बराती गांव के रहवासियों ने 15 घरों में निवासरत परिवारों को जल आपूर्ति कराये जाने का आवेदन जनसुनवाई में दिया जिसे कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री पीएचई को समुचित



कार्यवाही हेतु प्रेषित किया। लौरखुर्द निवासी मुन्नी प्रजापति के घर के सामने अन्य व्यक्ति द्वारा तारबाड़ी लगाकर रास्ता अवरूद्ध करने के आवेदन पर नायब तहसीलदार देवतालाब को, खटखरी निवासी अवनि कुमार मिश्र के खसरा सुधार के आवेदन पर तहसीलदार को, रमेश कुमार गुप्ता निवासी हनुमना के माता जी को कल्याणी पेंशन दिलाये जाने के आवेदन को नगर परिषद हनुमना के सीएमओं को समुचित कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया। इसी प्रकार रमा मिश्रा निवासी गरियरा के सीमांकन के आवेदन पर तहसीलदार मऊगंज को एवं ऐतवारी प्रजापति निवासी पथरिहा के पुस्तैनी घर के नवीनकरण के आवेदन पर तहसीलदार मऊगंज को कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर पीके पाण्डेय ने भी आवेदकों की समस्यायें सुनीं तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को समाधानकारक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए।